भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 237**

जिसका उत्तर 08.12.2022 को दिया जाना है

**पुराने वाहनों के उपयोग पर प्रतिबंध**

237. श्री प्रताप सिम्हा:

श्री डी. एम. कथीर आनन्द:

श्री एल.एस. तेजस्वी सूर्या:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने और देश में ऐसे वाहनों पर कोई कर/जुर्माना लगाने का भी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में आज की तारीख के अनुसार राज्य-वार और वाहन-वार कुल कितने वाहन हैं;

(ग) क्या इस तरह के कर/जुर्माने की राशि पूरे देश में एक समान होगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके लिए निर्धारित दरों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने पुराने वाहनों पर कर लगाने अथवा उन पर प्रतिबंध लगाने के प्रभाव का कोई मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे वाहन मालिकों के हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा इस संबंध में क्या अन्य उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क), (ग) और (घ) 1. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सा. का. नि. अधिसूचना 845(अ), दिनांक 24.11.2022 जारी की है, जिसमें पंद्रह वर्ष की समाप्ति के बाद सरकारी वाहनों के पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीनीकरण न करने का प्रावधान है।

2. माननीय उच्चतम न्यायालय ने रिट याचिका संख्या 13029/1985 (एमसी मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया) में दिनांक 29.10.2018 के आदेश द्वारा एनसीआर के परिवहन विभागों को निर्देश दिया है कि दिनांक 07.04.2015 के एनजीटी के आदेश के अनुसार 10 वर्ष से अधिक पुराने सभी डीजल वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन नहीं चलेंगे।

3. इसके अलावा, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने पुराने, अनुपयुक्त प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने के लिए प्रोत्साहन / हतोत्साहन के आधार पर वाहन स्क्रैपिंग नीति तैयार की है। नीति के प्रावधानों को लागू करने के लिए, मोटर यान अधिनियम, 1988 और केंद्रीय मोटर यान नियमावली, 1989 की रूपरेखा के तहत नियम जारी / संशोधित किए गए हैं। निम्नलिखित अधिसूचनाएं जारी की गई हैं और उन्हें मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है:-

(i) सा. का. नि. अधिसूचना 653(अ), दिनांक 23.09.2021 के तहत पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा (आरवीएसएफ) की स्थापना के लिए मोटर यान (वाहन स्क्रैपिंग सुविधा का पंजीकरण और कार्य) नियमावली, 2021 का प्रावधान किया गया है। अधिसूचना 25 सितंबर, 2021 से प्रभावी हो गई है।

(ii) सा. का. नि. अधिसूचना 652(अ), दिनांक 23.09.2021 में स्वचालित परीक्षण स्टेशनों की मान्यता, विनियमन और नियंत्रण का प्रावधान किया गया है। अधिसूचना 25 सितंबर, 2021 से प्रभावी हो गई है।

(iii) सा. का. नि. अधिसूचना 714(अ), दिनांक 04.12.2021 के तहत वाहनों के पंजीकरण शुल्क, फिटनेस परीक्षण शुल्क और फिटनेस प्रमाणन शुल्क में और संशोधन करने का प्रावधान किया गया है। अधिसूचना 1 अप्रैल, 2022 से प्रभावी हो गई है।

(iv) सा. का. नि. अधिसूचना 720(अ), दिनांक 05.10.2021 'निक्षेप प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने पर पंजीकृत वाहन के लिए मोटर वाहन कर में रियायत का प्रावधान करती है। अधिसूचना 1 अप्रैल, 2022 से प्रभावी हो गई है।

(v) सा. का. नि. अधिसूचना 166(अ), दिनांक 28.02.2022 में मोटर वाहन के फिटनेस प्रमाणपत्र और पंजीकरण चिह्न की वैधता को वाहनो पर प्रदर्शित करने के तरीके का प्रावधान किया गया है।

(vi) सा. का. नि. अधिसूचना 272(अ), दिनांक 05.04.2022 के तहत केंद्रीय मोटर यान नियमावली, 1989 के नियम 175 के अनुरूप पंजीकृत किसी स्वचालित परीक्षण स्टेशन के माध्यम से ही मोटर वाहनों की अनिवार्य फिटनेस का प्रावधान किया गया है, जो निम्नानुसार हैं:-

(i) भारी माल वाहनों/भारी यात्री मोटर वाहनों के लिए 01 अप्रैल, 2023 से प्रभावी और

(ii) मध्यम माल वाहनों/मध्यम यात्री मोटर वाहनों और हल्के मोटर वाहनों (परिवहन) के लिए 01 जून, 2024 से प्रभावी।

(vii) सा. का. नि. अधिसूचना 695(अ), दिनांक 13.09.2022 में मोटर यान (पंजीकरण और वाहन स्क्रैपिंग सुविधा के कार्य) नियमावली, 2021, जिसे पहले सा. का. नि. 653(अ), दिनांक 23.09.2021 द्वारा प्रकाशित किया गया था, में संशोधन का प्रावधान किया गया है। अधिसूचना 13 सितंबर, 2022 से प्रभावी हो गई है।

(viii) सा. का. नि. अधिसूचना 797(अ), दिनांक 31.10.2022 में स्वचालित परीक्षण स्टेशनों की मान्यता, विनियमन और नियंत्रण के नियमों में संशोधन के लिए केंद्रीय मोटर यान (सत्रहवां संशोधन) नियमावली, 2022 का प्रावधान किया गया है। अधिसूचना 31 अक्टूबर, 2022 से प्रभावी हो गई है।

(ख) इस समय राज्य और वाहन प्रकार-वार देश में वाहनों की कुल संख्या अनुबंध में दी गई है।

**अनुबंध**

**'पुराने वाहनों के उपयोग पर प्रतिबंध' के संबंध में श्री प्रताप सिम्हा,श्री डी. एम. कथीर आनन्द, श्री एल.एस. तेजस्वी सूर्या द्वारा पूछे गए दिनांक 08.12.2022 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 237 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | 2ड ब्ल्यू आई सी | 2ड ब्ल्यू एन | 2ड ब्ल्यू टी | 3ड ब्ल्यू एन | 3ड ब्ल्यू टी | एल एम वी | एल पी वी | एल जी वी | 4 डब्ल्यू आई सी | एम एम वी | एम पी वी | एम जी वी | एच जी वी | एच एम वी | एच पी वी | अ न्य | कुल जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 0 | 109,880 | 851 | 35 | 5,027 | 30,169 | 4,220 | 3,662 | 0 | 34 | 49 | 233 | 1,621 | 12 | 309 | 176 | 156,278 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 6 | 7,447,389 | 1 | 403,062 | 663 | 1,021,415 | 156,584 | 216,227 | 187 | 16,757 | 8,107 | 18,318 | 161,214 | 2,773 | 13,056 | 4,443 | 9,470,202 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 150,188 | 2 | 2,524 | 3,939 | 90,267 | 5,262 | 9,900 | 1 | 294 | 411 | 1,014 | 9,678 | 474 | 4,073 | 1,624 | 279,652 |
| 4 | असम | 2 | 3,443,394 | 6 | 190 | 214,135 | 894,364 | 61,978 | 270,973 | 5 | 336 | 4,053 | 12,517 | 84,493 | 1,214 | 10,253 | 4,843 | 5,002,756 |
| 5 | बिहार | 398 | 8,586,249 | 89 | 76 | 559,782 | 697,312 | 120,328 | 729,265 | 34 | 3,178 | 12,129 | 20,758 | 187,321 | 296 | 28,122 | 3,550 | 10,948,887 |
| 6 | चंडीगढ़ | 13 | 410,117 | 42 | 0 | 13,166 | 367,315 | 2,946 | 11,100 | 111 | 117 | 1,241 | 924 | 1,790 | 56 | 1,592 | 853 | 811,383 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 82 | 5,637,595 | 11 | 194 | 71,316 | 923,374 | 37,829 | 233,712 | 86 | 767 | 3,723 | 9,220 | 173,681 | 318 | 7,125 | 31,617 | 7,130,650 |
| 8 | दिल्ली | 169 | 8,819,295 | 29 | 69 | 456,968 | 3,981,964 | 185,560 | 297,068 | 578 | 82 | 527 | 20,754 | 53,034 | 7 | 50,735 | 1,666 | 13,868,505 |
| 9 | गोवा | 188 | 743,257 | 27,441 | 99 | 3,553 | 318,545 | 31,172 | 30,775 | 55 | 622 | 1,087 | 4,261 | 18,289 | 213 | 1,087 | 1,087 | 1,181,731 |
| 10 | गुजरात | 8,816 | 15,357,301 | 499 | 553 | 847,510 | 4,444,217 | 102,421 | 588,186 | 5,843 | 16,534 | 13,199 | 69,259 | 352,550 | 8,808 | 26,770 | 47,600 | 21,890,066 |
| 11 | हरियाणा | 49 | 7,301,504 | 3,613 | 210 | 238,886 | 3,190,965 | 124,059 | 260,357 | 358 | 13,353 | 16,570 | 48,290 | 336,173 | 3,347 | 32,385 | 82,168 | 11,652,287 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 67 | 1,091,328 | 1,822 | 27 | 9,948 | 685,499 | 60,522 | 134,402 | 51 | 2,316 | 3,136 | 13,795 | 73,687 | 1,443 | 10,869 | 4,675 | 2,093,587 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 1,859 | 1,016,461 | 0 | 36 | 47,403 | 679,602 | 49,211 | 74,213 | 12 | 126 | 5,292 | 4,371 | 47,583 | 347 | 5,533 | 17,858 | 1,949,907 |
| 14 | झारखंड | 2 | 5,131,407 | 2 | 128 | 245,227 | 740,864 | 89,400 | 344,772 | 17 | 430 | 3,729 | 17,174 | 159,914 | 404 | 5,446 | 5,187 | 6,744,103 |
| 15 | कर्नाटक | 18,043 | 20,761,858 | 31,731 | 14,895 | 964,396 | 5,208,612 | 475,696 | 803,948 | 1,012 | 8,797 | 20,743 | 102,765 | 457,252 | 3,639 | 97,923 | 38,771 | 29,010,081 |
| 16 | केरल | 10,957 | 10,687,518 | 8,474 | 132,657 | 897,669 | 3,755,685 | 219,987 | 400,083 | 1,164 | 8,305 | 12,344 | 62,258 | 98,240 | 6,788 | 50,883 | 17,846 | 16,370,858 |
| 17 | लद्दाख | 4 | 3,699 | 2,840 | 0 | 6 | 19,997 | 6,284 | 4,373 | 0 | 11 | 402 | 333 | 1,978 | 38 | 200 | 452 | 40,617 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 86 | 607,689 | 0 | 0 | 0 | 125,983 | 1,820 | 0 | 1 | 214 | 0 | 0 | 0 | 10 | 0 | 48 | 735,851 |
| 19 | महाराष्ट्र | 6,051 | 23,801,703 | 96 | 33,696 | 876,906 | 6,315,944 | 346,818 | 884,549 | 2,193 | 16,085 | 22,944 | 85,867 | 477,790 | 6,811 | 48,528 | 110,812 | 33,036,793 |
| 20 | मणिपुर | 1 | 343,072 | 0 | 2,379 | 18,117 | 132,097 | 5,479 | 13,138 | 2 | 321 | 416 | 1,639 | 7,990 | 476 | 806 | 844 | 526,777 |
| 21 | मेघालय | 0 | 193,375 | 0 | 75 | 18,605 | 179,980 | 31,702 | 31,506 | 8 | 245 | 531 | 6,976 | 22,556 | 171 | 410 | 5,068 | 491,208 |
| 22 | मिजोरम | 6 | 215,511 | 3,317 | 5 | 7,983 | 64,798 | 12,533 | 20,259 | 1 | 167 | 240 | 1,789 | 7,108 | 71 | 212 | 2,884 | 336,884 |
| 23 | नगालैंड | 0 | 71,641 | 277 | 0 | 11,405 | 108,750 | 6,646 | 19,600 | 1 | 5,059 | 487 | 2,760 | 161,328 | 5,105 | 2,291 | 5,170 | 400,520 |

| क्र. सं. | राज्य का नाम | 2डब्ल्यूआईसी | 2डब्ल्यूएन | 2डब्ल्यूटी | 3डब्ल्यूएन | 3डब्ल्यूटी | एलएमवी | एलपीवी | एलजीवी | 4 डब्ल्यूआईसी | एमएमवी | एमपीवी | एमजीवी | एचजीवी | एचएमवी | एचपीवी | अन्य | कुल जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **24** | ओडिशा | 339 | 8,205,640 | 136 | 383 | 273,594 | 809,870 | 132,020 | 542,731 | 36 | 4,531 | 7,030 | 24,524 | 259,068 | 2,897 | 9,533 | 8,178 | 10,280,510 |
| **25** | पुदुचेरी | 228 | 1,078,529 | 5 | 146 | 7,761 | 170,460 | 6,224 | 19,422 | 10 | 28 | 641 | 1,428 | 3,812 | 24 | 5,827 | 3,375 | 1,297,920 |
| **26** | पंजाब | 88 | 9,279,162 | 291 | 2,226 | 113,053 | 2,364,353 | 82,653 | 315,398 | 163 | 2,724 | 6,741 | 16,551 | 163,394 | 859 | 12,556 | 418,351 | 12,778,563 |
| **27** | राजस्थान | 2,674 | 13,191,846 | 17,081 | 79 | 284,651 | 3,513,040 | 170,745 | 432,249 | 447 | 4,029 | 16,727 | 14,179 | 397,568 | 3,174 | 50,714 | 39,449 | 18,138,652 |
| **28** | सिक्किम | 0 | 25,913 | 143 | 0 | 0 | 48,204 | 19,632 | 3,681 | 0 | 41 | 293 | 842 | 3,497 | 38 | 126 | 323 | 102,733 |
| **29** | तमिलनाडु | 19,860 | 23,929,158 | 11 | 16,579 | 589,935 | 3,915,477 | 425,351 | 895,684 | 1,289 | 23,664 | 29,803 | 107,345 | 467,321 | 25,353 | 114,020 | 61,153 | 30,622,003 |
| **30** | त्रिपुरा | 13 | 491,562 | 0 | 16 | 60,379 | 77,389 | 11,542 | 26,550 | 1 | 174 | 922 | 3,254 | 11,946 | 114 | 1,117 | 1,494 | 686,473 |
| **31** | दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र | 9 | 222,905 | 64 | 1,151 | 3,994 | 95,760 | 1,808 | 10,761 | 1 | 239 | 398 | 5,181 | 17,978 | 53 | 506 | 717 | 361,525 |
| **32** | उत्तर प्रदेश | 1,992 | 33,705,436 | 4,375 | 1,276 | 1,029,271 | 6,005,179 | 221,692 | 616,344 | 600 | 9,777 | 37,935 | 48,895 | 430,047 | 3,214 | 82,901 | 20,474 | 42,219,408 |
| **33** | उत्तराखंड | 146 | 2,503,905 | 3,497 | 7 | 69,959 | 710,643 | 73,366 | 82,394 | 95 | 379 | 6,208 | 14,623 | 54,949 | 179 | 13,358 | 2,664 | 3,536,372 |
| **34** | पश्चिम बंगाल | 84 | 11,038,313 | 55 | 139 | 261,636 | 1,997,532 | 226,959 | 607,688 | 18 | 1,496 | 15,542 | 43,463 | 378,117 | 1,302 | 55,357 | 20,697 | 14,648,398 |
| **कुल जोड़** | | **72,233** | **225,603,800** | **106,801** | **612,912** | **8,206,843** | **53,685,625** | **3,510,449** | **8,934,970** | **14,380** | **141,232** | **253,600** | **785,560** | **5,082,967** | **80,028** | **744,623** | **966,117** | **308,802,140** |

नोट:-

1. वाहन श्रेणी का संक्षिप्त नाम इस प्रकार है:

| **वाहन श्रेणी** | **विवरण** |
|---|---|
| 2डब्ल्यूआईसी | दुपहिया वाहन (अमान्य कैरिज) |
| 2डब्ल्यूएन | दुपहिया (एनटी) |
| 2 डब्ल्यूटी | दुपहिया (टी) |
| 3 डब्ल्यूएन | तिपहिया (एनटी) |
| 3 डब्ल्यूटी | तिपहिया (टी) |
| 4 डब्ल्यूआईसी | चार पहिया (अमान्य कैरिज) |

| | |
|---|---|
| एचजीवी | भारी माल वाहन |
| एचएमवी | भारी मोटर वाहन |
| एचपीवी | भारी यात्री वाहन |
| एलजीवी | हल्का माल वाहन |
| एलएमवी | हल्का मोटर वाहन |
| एलपीवी | हल्का यात्री वाहन |
| एमजीवी | मध्यम माल वाहन |
| एमएमवी | मध्यम मोटर वाहन |
| एमपीवी | मध्यम यात्री वाहन |
| अन्य | उपरोक्त उल्लिखित के अलावा अन्य |

2. दिया गया विवरण 29.11.2022 को केंद्रीकृत वाहन 4 के अनुसार डिजीटल वाहन रिकॉर्ड के लिए हैं; आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश वाहन में जाने की प्रक्रिया में हैं और ऊपर दर्शाए गए आंकडे केवल आंशिक है, जैसा कि वाहन डेटाबेस में उपलब्ध है। इसके अलावा, तेलंगाना और लक्षद्वीप के आंकडे ऑनलाइन वाहन डेटाबेस में उपलब्ध नहीं हैं और इसलिए नहीं दिए गए हैं।

*****